Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Azad वाणी
NEWS • VIEWS • ANALYSIS
RNI No.
PBBIL/26/A0779




Fri - 8 May - 2026 | Year - 01 | Issue - 32 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# भारत में बढ़ रहा अस्थमा का खतरा: 3.35 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित, मोहाली-पंचकूला में शुरू हुआ एडवांस्ड अस्थमा एवं एलर्जी




चंडीगढ़: देश में तेजी से बढ़ रहे अस्थमा और एलर्जी के मामलों को देखते हुए प्रमुख मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थकेयर समूह पार्क हॉस्पिटल्स ने मोहाली और पंचकूला स्थित अपने अस्पतालों में एडवांस्ड अस्थमा एवं एलर्जी क्लिनिक शुरू करने की घोषणा की है। इस नई सुविधा का उद्देश्य ट्राइसिटी सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को आधुनिक और विशेष उपचार उपलब्ध कराना है। इस क्लिनिक का लाभ पंचकूला, मोहाली, चंडीगढ़, जीरकपुर, यमुनानगर, अंबाला, रोपड़, नवांशहर, पटियाला, करनाल, कैथल, सोलन और शिमला के मरीजों को मिलेगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यहां अस्थमा और एलर्जी से जुड़ी बीमारियों की जांच, उपचार और दीर्घकालिक देखभाल के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पल्मोनोलॉजी विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. एसके गुप्ता ने कहा कि भारत में अस्थमा एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश में 3.35 करोड़ से अधिक लोग अस्थमा से पीड़ित हैं, जो दुनिया के कुल अस्थमा मरीजों का लगभग 13 प्रतिशत है। उन्होंने चिंता जताई कि समय पर पहचान और सही उपचार न मिलने के कारण मरीजों की स्थिति कई बार गंभीर हो जाती है। ।सीनियर कंसल्टेंट एलर्जी एवं अस्थमा डॉ. एसयू लवासा ने कहा कि भारत में अस्थमा से होने वाली मृत्यु दर वैश्विक औसत से लगभग तीन गुना अधिक है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण बीमारी की देर से पहचान और उपचार में लापरवाही है। उन्होंने लोगों से शुरुआती लक्षण दिखाई देने पर तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श

## कचरा संग्रहण व्यवस्था ठप होने पर भड़के पंचकूला के लोग, शुल्क बंद करने की उठी मांग



पंचकूला में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवा बाधित होने से लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। शहर के कई सेक्टरों और रिहायशी इलाकों में पिछले कुछ दिनों से नियमित रूप से कचरा नहीं उठाया जा रहा, जिसके कारण सड़कों और गलियों में गंदगी के ढेर लगने लगे हैं। स्थिति बिगड़ने पर स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

निवासियों का कहना है कि वे हर महीने सफाई और कचरा संग्रहण के लिए शुल्क का भुगतान करते हैं, लेकिन इसके बावजूद सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हैं। लोगों ने मांग की है कि जब तक डोर-टू-डोर कचरा उठाने की व्यवस्था सुचारु रूप से बहाल नहीं होती, तब तक उनसे किसी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। कई इलाकों में लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह के समय कचरा वाहन कई दिनों तक नहीं पहुंच रहे, जिससे घरों में कचरा जमा हो रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ बदबू और संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

कई रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) ने भी इस मुद्दे पर नगर निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि सफाई व्यवस्था चरमराने से शहर की छवि प्रभावित हो रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि शिकायतें करने के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं की जा रही। कुछ क्षेत्रों में निवासियों ने खुद अस्थायी सफाई व्यवस्था करनी शुरू कर दी है। व्यापारिक क्षेत्रों में भी इस समस्या का असर देखने को मिल रहा है। दुकानदारों का कहना है कि बाजारों के आसपास कचरा जमा होने से ग्राहकों को परेशानी हो रही है और दुर्गंध के कारण वातावरण खराब हो गया है। कई दुकानदारों ने प्रशासन से तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि लंबे समय तक कचरा जमा रहने से मच्छरों और बैक्टीरिया का खतरा बढ़ सकता है, जिससे डेंगू, वायरल बुखार और अन्य बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है।

## पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में हीटवेव अलर्ट जारी



चंडीगढ़: सामाजिक सेवा और भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों को मजबूत करने की दिशा में 'नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटीकरप्शन फोर्स' (NHRACF) ने भारत भूषण को चंडीगढ़ यूटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बिरेन दवे और राष्ट्रीय चेयरमैन एडवोकेट डॉ. के. विजयराघवन द्वारा की गई।

संस्था की ओर से जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार भारत भूषण का कार्यकाल एक वर्ष का होगा। इस दौरान वे मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेंगे।

## हिमाचल सरकार की डिजिटल गेट पास व्यवस्था,



शिमला: हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और आम लोगों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डिजिटल गेट पास प्रणाली शुरू कर दी है। अब मुख्यमंत्री, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने आने वाले लोगों को प्रवेश के लिए डिजिटल गेट पास सीधे उनके मोबाइल फोन पर प्राप्त होगा। सरकार का मानना है कि इस नई व्यवस्था से सचिवालय और सरकारी कार्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया अधिक सरल, सुरक्षित और व्यवस्थित बनेगी।

नागरिकों को पहले की तरह लंबी कतारों में मैन्युअल पास बनवाने की आवश्यकता नहीं होगी।

## मोहाली फेज-11 में अवैध निर्माण को लेकर विवाद, विरोध करने पर व्यक्ति घायल



मोहाली के फेज-11 क्षेत्र में कथित अवैध निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। जानकारी के अनुसार मकान नंबर 2672 निवासी दीपक रावत ने पड़ोस में चल रहे निर्माण कार्य का विरोध किया। आरोप है कि निर्माण कार्य नियमों के विरुद्ध किया जा रहा था, जिससे आसपास के मकानों की सुरक्षा और संरचना पर खतरा पैदा हो रहा था।

बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य को लेकर पहले भी स्थानीय स्तर पर आपत्ति जताई गई थी। इसी बीच जब दीपक रावत और अन्य पड़ोसी मौके पर विरोध करने पहुंचे तो निर्माण पक्ष और स्थानीय लोगों के बीच तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते मामला तनावपूर्ण हो गया और झड़प की स्थिति बन गई। इस दौरान दीपक रावत घायल हो गए।

घटना के बाद घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। मामले की शिकायत फेज-11 पुलिस स्टेशन, मोहाली में दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में हो रहे कथित अवैध निर्माण कार्यों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



Advertisement
PKB
PKB PROJECTS PVT. LTD.
PKB Projects Pvt. Ltd. has established a strong presence over the past eight years in the fields of Pharmaceutical Air Conditioning, Refrigeration, Ventilation, and Clean Room solutions.
Hadbast-197, Village-Fatehpur Kheri Gujran Road, Distt. S.A.S. Nagar, Punjab
+91 7986696041 sales@pkbprojects.in




Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. RNI Number: PBBIL/26/A0779.